मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 181
गुरुवार, 16 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in


## नवी मुंबई में पीएम मोदी ने इस्कॉन मंदिर का किया उद्घाटन

**नवी मुंबई, 15 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया और पूजा-अर्चना की। उनके साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम देवेन्द्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और बीजेपी सांसद हेमा मालिनी ने मंच साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज ज्ञान और भक्ति की इस महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे अलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ है।

मोदी ने कहा कि मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इस मंदिर के पीछे जो विचार है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि ये मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा। मैं इस पुनीत कार्य के लिए इस्कॉन के सभी संतों और सदस्यों को और महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज इस मौके पर मुझे परम श्रद्धेय गोपालकृष्ण गोस्वामी महाराज का भावुक स्मरण भी हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में उनका विजन जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति का आशीर्वाद जुड़ा हुआ है। आज वो



भौतिक शरीर से भले ही यहां न हो, लेकिन उनकी आध्यात्मिक उपस्थिति हम सब महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनियाभर में फैले इस्कॉन के अनुयायी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की डोर से बंधे हैं। उन सबको एक-दूसरे से कनेक्ट रखने वाला एक और सूत्र है, जो चौबीसों घंटे हर भक्त को दिशा दिखाता रहता है। ये श्रील प्रभुपाद स्वामी के विचारों का सूत्र है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने उस समय वेद-वेदांत और गीता के महत्व को आगे बढ़ाया जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था। उन्होंने भक्ति वेदांत को जनसामान्य की चेतना से जोड़ने का अनुष्ठान किया।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया के हर कोने में करोड़ों लोगों को उनकी तपस्या का प्रसाद मिल रहा है। श्रील प्रभुपाद स्वामी की सक्रियता, उनके प्रयास आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं में बंधा भूमि का एक टुकड़ा मात्र नहीं है।

भारत एक जीवंत धरती है, एक जीवंत संस्कृति है। और, इस संस्कृति की चेतना है- यहां का आध्यात्म! इसलिए, यदि भारत को समझना है, तो हमें पहले आध्यात्म को आत्मसात करना होता है। मोदी ने कहा कि जो लोग दुनिया को केवल भौतिक दृष्टि से देखते हैं, उन्हें भारत भी अलग-अलग भाषा और प्रांतों का समूह नजर आता है।

## पश्चिम बंगाल की पूर्व मंत्री ज्योति प्रिया मल्लिक को राहत, राशन वितरण घोटाले में मिली जमानत

**कोलकता, 15 जनवरी।** पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक, जिन्हें कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किया गया था, को बुधवार को कोलकाता उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी। 2011 से 2021 तक राज्य के खाद्य मंत्री रहे मल्लिक को ईडी द्वारा 20 घंटे की पूछताछ के बाद 27 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किया गया था। बैंकशाल कोर्ट में अदालत कक्ष में मौजूद एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने मलिक को 50 लाख के निजी बांड और 50,000 के जमानत बांड और 25,000 प्रत्येक की दो जमानत राशि पर जमानत दे दी। मामले के अन्य आरोपियों, जिनमें चावल



मिल मालिक बकीबुर रहमान और उत्तर 24 परगना के स्थानीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या शामिल हैं, को पिछले साल अगस्त में जमानत दे दी गई थी। जनवरी 2024 में ईडी ने कोलकाता की एक अदालत को सूचित किया कि यह घोटाला, जिसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के लिए सब्सिडी वाले खाद्यान्न को खुले बाजार में बिक्री के लिए ले जाना शामिल था, का अनुमान लगभग 20,000 करोड़ था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फरवरी 2024 में मलिक को सरकार से हटा दिया, जहां वह उस समय राज्य के वन और औद्योगिक पुनर्निर्माण मंत्री के रूप में कार्यरत थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता सुजन चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के करीबी नेताओं को जमानत दी जा रही है। चक्रवर्ती ने कहा कि टीएमसी और केंद्रीय एजेंसियों के बीच एक मौन सहमति है।

## कर्नाटक कांग्रेस में तकरार, गुटबाजी को नियंत्रण में रखने के लिए एआईसीसी की तरफ से आया सख्त निर्देश

**कर्नाटक, 15 जनवरी।** कर्नाटक कांग्रेस के भीतर बढ़ते तनाव को रोकने के लिए, गृह मंत्री जी परमेश्वर ने पुष्टि की कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने पार्टी सदस्यों को सार्वजनिक रूप से नेतृत्व के मामलों पर चर्चा करने से परहेज करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार के समर्थकों के बीच बढ़ते तनाव के बीच 13 जनवरी को आयोजित कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक के दौरान दिया गया था, जो कथित तौर पर सत्ता-बंटवारे और कैबिनेट की गतिशीलता को लेकर मतभेद में थे।

पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जारकीहोली और सहकारिता



मंत्री केएन राजन्ना ने नेतृत्व के मुद्दों पर खुलकर टिप्पणी की। सीएलपी की बैठक के उसी दिन, बैठक में शामिल हुए राजन्ना ने कहा कि अगर वे मुझे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का पद देते हैं, तो मैं इसे स्वीकार करूंगा। मैं अपना मंत्री पद छोड़ने के लिए भी तैयार हूं। प्रतिबंध के आदेश के दो दिन बाद जारकीहोली ने कहा कि निचले स्तर पर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन यह शीर्ष स्तर पर होनी चाहिए। यह किसी की जिद का सवाल नहीं है. हमारी एक ही मांग है कि किसी ऐसे व्यक्ति को बनाया जाए जो नौकरी के लिए पूरा समय समर्पित कर सके।

उन्होंने पहले के एक संचार की ओर इशारा किया, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद नेतृत्व परिवर्तन का सुझाव दिया गया था और कहा बातचीत हुई थी और केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर के साथ एक नोट भी था कि लोकसभा चुनावों के बाद पद छोड़ना होगा। इसलिए अब वे यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि क्या वही व्यक्ति जारी रहेगा या क्या उन्हें नेताओं को एक साथ लाना चाहिए और एक नए व्यक्ति पर निर्णय लेना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसी सार्वजनिक टिप्पणियों को रोकने के इरादे से हाईकमान के प्रतिबंध आदेश का तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, जिससे पार्टी नेतृत्व को इसके परिणामों से निपटने के लिए छोड़ दिया गया है।

## भारत दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा: नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, 15 जनवरी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत अगले दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण का चलन 2001 में एक प्रायोगिक परियोजना (पायलट प्रोजेक्ट) के रूप में शुरू हुआ था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर्स ने 100 प्रतिशत जैव-एथनॉल पर चलने वाले वाहनों का विनिर्माण शुरू कर दिया है। गडकरी ने कहा कि देश में प्रदूषण एक गंभीर समस्या है क्योंकि दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 42 भारत में हैं। उन्होंने कहा, हम 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात करते हैं। इससे भी प्रदूषण



हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में 20 प्रतिशत एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल पेश किया था। इसमें पहले चरण में 15 शहरों को शामिल किया गया था। गन्ने के साथ-साथ टूटे चावल और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए एथनॉल के इस्तेमाल से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता भारत आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। भारत अपनी कच्चे तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। ई20 के उपयोग से दोपहिया वाहनों में कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 50 प्रतिशत और चारपहिया वाहनों में शुद्ध पेट्रोल की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है। औसतन 10 प्रतिशत मिश्रण प्राप्त करने का लक्ष्य जून, 2022 में प्राप्त किया गया, जो नवंबर, 2022 की समयसीमा से काफी पहले था।

### दिल्ली में उत्तर प्रदेश, बिहार के लोगों के साथ कोरोना काल में सौतेला व्यवहार किया गया : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने दिल्ली में नौकरी कर रहे उत्तर प्रदेश, बिहार के लोगों से अपील करते हुए बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान करते समय वे याद रखें कि कोरोना काल में उनके साथ किस तरह सौतेला व्यवहार किया गया था। मायावती ने यह भी दावा किया कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी और अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो परिणाम चौंकाने वाले होंगे। मायावती ने अपने 69वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया जिसमें उन्होंने स्वयं रचित एक किताब का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यदेश की राजधानी दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए बसपा की पूरी तैयारी है और पार्टी अकेले चुनाव लड़ रही है।

## महाकुंभ में होगा 2.5 लाख करोड़ का कारोबार

- इसमें से 25 हजार करोड़ केवल सरकारी सुविधाओं से मिलेगा
- यह आयोजन भारत और विश्व में धार्मिक अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

सुरेश गांधी

**प्रयागराज।** महाकुंभ में 45 दिनों में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इससे सरकार को 2.5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार मिलने की उम्मीद है। यानी 69,990 करोड़ के बजट से 2.5 लाख करोड़ की कमाई होगी। मतलब साफ है महाकुंभ एक बड़ा बाजार बन गया है. इस महाकुंभ का बजट 6,9990 करोड़ है. ऐसे में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस मेला में 2.5 लाख करोड़ का कारोबार हो सकता है. खास यह



है कि इसमें से 25 हजार करोड़ केवल सरकारी सुविधाओं से मिलेगा। कहा जा सकता है इस भव्य आयोजन के तले व्यापार भी तगड़ा हो रहा है. क्योंकि इस बार सरकार ने इस आयोजन के लिए बहुत बड़ी तैयारी की है. पिछले कुंभ मेला (2019) के मुकाबले यह बजट काफी ज्यादा है. इसमें 3,700 करोड़ रुपये की लागत वाली 700 प्रोजेक्ट थीं. एक अनुमान के मुताबिक 5,000 करोड़ रुपये का व्यापार पूजा सामग्री, 4,000 करोड़ रुपये का डेयरी प्रोजेक्ट और 800 करोड़ रुपये का फूलों से कारोबार होने की संभावना है. लग्जरी होटलों से 6,000 करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है.

इस साल मेले में कई प्रकार के टेंट बनाए गए हैं. इनमें 1.6 लाख टेंट, 2,200 लग्जरी टेंट और छोटे टेंट शामिल हैं. लक्जरी टेंट का किराया 18,000 से 20,000 रुपये प्रति रात है. प्रीमियम टेंट की कीमत 1 लाख रुपये तक जा सकती है. यूपी सरकार ने इन टेंट्स को प्राइवेट प्लेयर को किराए पर देने के लिए बोली प्रक्रिया शुरू की. इससे भी सरकार को बड़ी इनकम हो रही है. फूड कोर्ट और स्टॉल्स में भी भारी निवेश हुआ है. कई बड़े ब्रांड जैसे स्टारबक्स, कोका कोला और डोमिनोज इस मेला में अपने आउटलेट्स लगा रहे हैं.

कारोबारियों का लक्ष्य है कि वे 100-200 करोड़ रुपये का कारोबार करना है. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल का कहना है, एक अनुमान के तहत इस महाकुंभ में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद है। यह आयोजन भारत और विश्व में धार्मिक अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।खंडेलवाल के मुताबिक, इस आयोजन से प्रयागराज और आसपास के शहरों में व्यापार को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। रेलवे, वायु सेवाओं और सड़क परिवहन को भी बड़ी आय होने की संभावना है। एक अनुमान के अनुसार, अगर धार्मिक यात्रा के दौरान प्रति व्यक्ति 5,000 रुपये खर्च होते हैं, तो कुल आंकड़ा 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा।













# मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को पूर्ण रूप से रोकने हेतु ठोस कार्यक्रम तैयार किया जायेगा : मेघनाताई सकोरे



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिले में पिछले महीनों में लगातार हो रही शिशु मृत्यु व माता मृत्यु की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इसलिए आगे एक भी शिशु एवं माता की मृत्यु न हो इसके लिए, एक ठोस कार्यक्रम की योजना बनाई जायेगी। उक्त बातें राज्य मंत्री सार्वजनिक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, जल आपूर्ति और स्वच्छता ऊर्जा, महिला व बाल विकास, लोक निर्माण मेघनाताई साकोरे-बोर्डिकर ने जव्हार में कहीं। वह तब बोल रही थीं जब मंगलवार 14 जनवरी 2025 को जिला परिषद स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जव्हार तहसील के जामसर में मकर संक्रांति के अवसर पर एक भव्य महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य की सभी बहनों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे इसी मंशा से यह अभियान शुरू किया गया है और मुझे खुशी है कि आज राज्य स्तर पर इसकी शुरूआत जामसर में शिविर के माध्यम से हो रही है। साथ ही राज्य मंत्री मेघना साकोरे ने आश्वासन दिया कि वे सांसद द्वारा की गई ब्लड बैंक और महिला अस्पताल की मांग को मान्य कराने का प्रयास करेंगी। यह कार्यक्रम जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, सांसद डॉ. हेमंत सावरा, विधायक हरिश्चंद्र भोये, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, उपाध्यक्ष पंकज कोरे, निर्माण एवं स्वास्थ्य सभापति संदेश ढोणे, कृषि एवं पशुसंवर्धन सभापति संदीप पावड़े, जिला परिषद सदस्या सुरेखा थेतले, सभापति विजया लहारे, उपसभापति पाडवी, भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। महिलाओं ने तारपा नृत्य कर राज्य मंत्री मेघना सकोरे का स्वागत किया। साथ ही मकर संक्रांति के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की महिलाओं ने मेघना सकोरे को हल्दी कुंकु देकर सम्मानित किया। इसी तरह मंत्री सकोरे ने गर्भवती महिलाओं को हल्दी कुंकु दिया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में जव्हार तहसील की बड़ी संख्या में स्तनपान कराने वाली माताएं, गर्भवती माताएं और अन्य महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच की गई। इस शिविर में दंत, नेत्र परीक्षण, रक्तचाप एवं अन्य सभी जांचें की गयीं। जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम ने उपस्थित सभी लोगों की ओर से न केवल अस्पतालों बल्कि डॉक्टरों की भी मांग की।

सांसद डॉ. हेमन्त सावरा ने कहा कि जिले में महिला अस्पताल और एक सुसज्जित सिविल अस्पताल व ब्लड बैंक की आवश्यकता है। साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त भत्ता दिया जाय और रिक्तियों और अन्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर सांसद डॉ.हेमंत सावरा ने प्रकाश डाला। विधायक हरिश्चंद्र भोये ने राज्य में पहला शिविर जव्हार में आयोजित करने के लिए मेघना सकोरे को धन्यवाद दिया और मेघना सकोरे से साखर शेत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र मंजूरी देने का अनुरोध किया।

शिविर का उद्घाटन करने के बाद मंत्री मेघना सकोरे ने जामसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया और वहां गर्भवती माताओं और प्रसवोत्तर माताओं से बातचीत की। इसके बाद जव्हार में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल आपूर्ति विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए इस विभाग की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी गोविंद बोडके, परियोजना अधिकारी जव्हार व अन्य मान्यवर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण डॉ.किरण पाटिल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाबा साहब के परपोते संदेश आंबेडकर राजनीति में



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा दिया गया भारतीय संविधान खतरे में है और संविधान विरोधी गतिविधियाँ बढ़ गई हैं। इस कारण बाबासाहेब आंबेडकर के परपोते संदेश आंबेडकर ने संविधान की रक्षा के लिए राजनीति में पदार्पण किया है। राजमाता जिजाऊ की जयंती पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया संविधान पार्टी की घोषणा संदेश आंबेडकर ने मुंबई मराठी पत्रकार संघ में की है।

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के नाम पर राजनीति करने वाले संविधान के पक्ष में ठोस निर्णय नहीं ले रहे हैं। ऐसे में नई पीढ़ी में राजनीति के प्रति नजरिया बदल रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए संदेश आंबेडकर ने नई पीढ़ी को राजनीति में लाने के लिए अपने राजनीतिक सफर की जानकारी दी। सच्चा आंबेडकरवादऔर लोकतंत्र को बचाने के लिए संदेश आंबेडकर द्वारा राजनीति के मैदान में उतरने का सही निर्णय लिया गया है। ऐसी जानकारी राजन माकणिकर ने दी।इस मौके पर मुंबई प्रदेश के कार्यवाहक योगेश गायकवाड ने भी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया संविधान पार्टी का स्वागत किया है। इस अवसर पर एम राणि ताई वाघमारे, ज्योतिताई गायकवाड़, सचिन भुटकर ने इस पार्टी की जिम्मेदारी संभाली है। इस अवसर पर अमीन शेख, सलमान शेख, गणेश पिल्लई, रिजवान शेख, जनार्दन कदम, गौतम कांबले आदि उपस्थित थे।

## नैसर्गिक विकलांग सेवा संघ द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनायी गयी जयंती



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अँधेरी स्थित कार्यालय पर नैसर्गिक विकलांग सेवा संघ के अध्यक्ष टी. एन. दुबे द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनायी गई. संस्था द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने, उनके विकास को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को बढ़ने के लिए संस्था द्वारा जयंती मनायी गयी. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक मुरजी पटेल (काका) मौजूद थे। इस कार्यक्रम दिव्यांग भाई बहनों को बड़े पैमाने पर कम्बल वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी गणेश अग्रवाल, पूर्व नगरसेवक सुरेन्द्र दुबे, रामाश्रय उपाध्याय, सय्यद सलमान, प्रमोद श्यामाचरण पाण्डेय, कामगार नेता विकास तिवारी, एडवोकेट सतीश मिश्रा, समाजसेवी संतोष रहाटे, प्रभाकर शुक्ल, भरत लोवारिया, अविनाश भागवत, शेखर तावड़े, अमित खारवारे, विनय दुबे, संतोष दुबे, प्रशांत चारी, मदन सितप, पंकज मिश्रा, पिन्टू उपाध्याय, मनोज सिंह,गुरुजस यादव, पवन कुमार दुबे व रजाक बिलखिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पीएनबी मेटलाइफ ने सारस्वत को-ऑपरेटिव बैंक से हाथ मिलाया

**मुंबई।** पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने भारत के सबसे बड़े अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों में से एक सारस्वत को-ऑपरेटिव बैंक लि. के साथ एक योजनाबद्ध बैंकएश्योरेंस भागीदारी की है। इस भागीदारी का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए सारस्वत बैंक के ग्राहकों को बचत, सुरक्षा, रिटायरमेंट एवं ग्रुप प्लान सहित लाइफ इंश्योरेंस समाधानों की व्यापक श्रेणी उपलब्ध कराना है। देशभर में सारस्वत बैंक की 302 शाखाओं के साथ लगभग 30 लाख ग्राहक जुड़े हैं। समीर बंसल, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, पीएनबी मेटलाइफ ने कहा, भारत में लगातार इंश्योरेंस सुरक्षा की कमी बनी हुई है। इस कारण अधिक से अधिक लोगों के लिए इंश्योरेंस उपलब्ध कराने हेतु विस्तृत पहुंच वाले डिस्ट्रीब्यूशन चैनल तैयार करने की सख्त जरूरत है। सारस्वत बैंक के साथ हमारी भागीदारी, लाखों भारतीयों को लाइफ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के मिशन हेतु उठाया गया कदम है। सारस्वत बैंक की विश्वसनीय विरासत एवं इंश्योरेंस में हमारी विशेषज्ञता के साथ, हम ग्राहकों के लिए विभिन्न जीवन चरणों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं। इसके साथ ही, उन्हें बेहद आवश्यक आर्थिक सुरक्षा भी उपलब्ध कराएंगे। आरती पाटिल, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, सारस्वत को-ऑपरेटिव बैंक लि. ने कहा, पीएनबी मेटलाइफ के साथ यह भागीदारी हमारे ग्राहकों के लिए सर्वोत्तम लाइफ इंश्योरेंस समाधान पेश करने के सतत प्रयासों का हिस्सा है।

## सभी असली दावे मंजूर किए गए, मीशो ने ज्यादा निष्पक्षता के लिए अपनी सप्लाई चेन प्रक्रियाओं को मजबूत किया

**मुंबई/पटना।** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स बाजार, मीशो ने अपने दावे की प्रक्रियाओं में परिवर्तन किया है, जिससे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और पारदर्शिता लाने के की इसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इन परिवर्तनों द्वारा तेजी से शिकायत निवारण, विकसित जाँच, और सक्रिय उपाय संभव हो सकेंगे, जिससे विक्रेता समुदाय में विश्वास स्थापित होगा। मीशो ने मई, 2024 से अपनी क्लेम अनुमोदन प्रक्रिया में काफी सुधार किया है, जिससे ज्यादातर मामलों में शिकायत निवारण में लगने वाला समय 70 प्रतिशत कम हो गया है। इस सुधार से विक्रेताओं को ज्यादा तेजी से समाधान मिले हैं, और 3.4 मिलियन वास्तविक दावों को मंजूरी मिल गई है। इससे सभी हितधारकों के लिए एक ज्यादा प्रभावशाली एवं सहयोगपूर्ण प्लेटफॉर्म का निर्माण करने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। नकली रिटर्न को कम करने व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मीशो ने अपनी सप्लाई चेन में वैरिफिकेशन की एक मजबूत प्रक्रिया शुरू की है। मीशो द्वारा सप्लाई चेन ऑपरेशंस में सुधार लाने के लिए जेनरेटिव एआई का उपयोग किया जा रहा है।

## पतंग के माध्यम से मराठी स्कूलों को बचाने का संदेश



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पौष माह शुरू होते ही आसमान में विभिन्न रंगों की पतंगें उड़ती नजर आती हैं। पतंग उड़ाने का आनंद बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी उठाते हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य की उत्तर दिशा की यात्रा को ज्ञान प्राप्ति का प्रतीक माना जाता है। मकर संक्रांति के दिन पुरानी शिकायतों को अलविदा कहकर सकारात्मकता का स्वागत किया जाता है। मकर संक्रांति के अवसर पर, साकीनाका स्थित समता विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों ने आज ‟मराठी स्कूल बचाओ” संदेश के साथ पतंग उड़ाकर एक अनूठा अभियान शुरू किया। विद्यालय के सचिव राजेश सुभेदार एवं कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति सुभेदार के विचार पर आधारित यह अनूठा प्रयोग आज विद्यार्थियों द्वारा किया गया। स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रयोग किये जाते हैं। स्कूल की शिक्षिकाओं स्मिता सुरवसे, वैशाली हांडे और विद्यार्थियों द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ व्याहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। स्कूल के सचिव राजेश सुभेदार ने कहा कि आज मकर संस्कृति के अवसर पर राज्य के सभी मराठी स्कूलों का अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए बैनर पर ‟मराठी स्कूल बचाओ” का संदेश दिया गया है।

## जि.प. स्कूल कालाधोंड के विद्यार्थियों द्वारा नशा विरोधी शपथ अभियान शुरू

### जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा विरोधी संकल्प



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाओं की भावना में, नशाबंदी मंडल का मानना है कि नशीली दवाओं और लत के संकट से लड़ना हमारे युवाओं के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। नशे की लत न केवल व्यक्तियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को खतरे में डालती है, बल्कि समाज में सार्थक योगदान देने की उनकी क्षमता में भी बाधा डालती है। राष्ट्रीय युवा दिवस पर छात्रों के साथ सक्रिय रूप से भाग लेकर, हम सब स्वामी विवेकानंद की विरासत को संरक्षित कर सकते हैं और अपनी युवा पीढ़ी को सूचित निर्णय लेने, स्वस्थ जीवन जीने और राष्ट्र की प्रगति में सकारात्मक योगदान देने के लिए सशक्त बना सकते हैं। इसके लिए नशा मुक्त और सशक्त युवा बनाने हेतु सभी को मिलकर काम करना जरूरी है।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला परिषद पालघर, जिलाधिकारी कार्यालय, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग और महाराष्ट्र राज्य नशा विरोधी विभाग के सहयोग से युवा दिवस के अवसर पर पूरे पालघर जिले में 1,11,111 नशा विरोधी शपथ अभियान का आयोजन किया गया। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद पालघर के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में, पालघर जिलों के सभी जिला परिषद स्कूलों, निजी स्कूलों, प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों, आश्रम स्कूलों, छात्रावासों, कॉलेजों से नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इस मौके पर जिला परिषद स्कूल कालीधोंड, जव्हार जिला पालघर के स्नातक शिक्षक भाऊसाहेब शेटे ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत छात्रों को नशा विरोधी शपथ दिलाई। प्राचार्य श्रीमती प्रज्ञा मुकणे,सुनीता इंगले, संजय कोकतरे, अर्जुन शिंदे, रूपेश घेगड़, किरण कुवरा, संदेश चौधरी, विद्यालय के सभी विद्यार्थी, विद्यालय प्रबंधन समिति, खरपड़े, बोरसे समेत प्रमुख ग्रामस्थ उपस्थित थे।

## पालघर जिला मुख्यालय में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किया जाना जरूरी : मोईज शेख



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिला मुख्यालय अंतर्गत पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने की मांग दहानू शहर के समाजसेवी मोईज शेख ने पालघर लोकसभा क्षेत्र के सांसद हेमंत विष्णु सावरा को लिखे पत्र के माध्यम से की है।

पालघर जिले को बने लगभग 10 वर्ष अधिक हो चुके हैं और जिले में विकास भी तेजी हो रहा है। वहीं पालघर जिले में शिक्षित लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि के साथ ही साथ विदेशों में व्यापार, काम करने व घूमने जाने वाले लोगों की भी संख्या बढ़ रही है। पालघर जिला बनने के दस वर्ष पूरे होने के बाद भी अब तक जिला मुख्यालय अंतर्गत पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से जिले के लोगों को पासपोर्ट बनवाने हेतु मुंबई अथवा सिलवासा, दमन जाना पड़ता है। समाजसेवी मोईज शेख ने उक्त आशय के बारे में हमारे संवाददाता को जानकारी देते बताया है कि पालघर जिले में हज यात्रियों की भी लगातार वृद्धि हो रही है तथा यहां की वारली पेंटिंग भी विश्व प्रसिद्ध है जिसकी विदेशों में भी मांग बढ़ी है। इसके लिए यहां के लोगों को विदेशों में व्यापार हेतु जाना पड़ता है। मोईज शेख ने कहा कि पालघर जिले में विदेश यात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए साथ ही लोगों की सुविधा के मद्देनजर जल्द से जल्द जिला मुख्यालय में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किया जाना अतिआवश्यक है। इसके लिए सांसद हेमंत विष्णु सावरा को लिखे पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री द्वारा जल्द से जल्द पासपोर्ट सेवा केंद्र पालघर जिला मुख्यालय में स्थापित करने पर विचार करने की अपील की है, जिससे कि यहां के लोगों को पासपोर्ट बनवाने में आसानी हो सके।

## हम नशी संस्था द्वारा दो पुस्तकों का विमोचन एवं परिचर्चा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**आचार्य सूरजपाल यादव**



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** रईस हाई स्कूल परिसर के उर्दू बसेरा हॉल में मशहूर साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था ‟हम नशीं” के तत्वावधान में प्रख्यात उर्दू हास्य व्यंग लेखक फैयाज अहमद फैजी और नासिक के मशहूर वकील नंद किशोर भोतणा के सम्मान में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया । समारोह की अध्यक्षता के एम ई सोसायटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन ने किया । समारोह में अतिथि के रूप में सलीम अब्दुल अजीज धुरु , रईस हाई स्कूल के चेयरमैन यासर ततली और अब्दुल बासित पटेल मौजूद आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम में फैयाजअहमद फैजी की पुस्तक ‟खनदह जेरे लब” और नंद किशोर गंगा बिसन भोतणा की पुस्तक ‟यादश बखैर” का लोकार्पण अतिथियों द्वारा संपन्न हुआ । उद्घाटन भाषण रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी ने प्रस्तुत किया ।आप ने उर्दू की लोकप्रियता पर विस्तार से चर्चा की और इसके के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी सलाह दी । इस अवसर पर निशी गंधा लोहिया ने अपनी मधुर आवाज में खुसरो का कलाम प्रस्तुत किया ।मोहम्मद रफी अंसारी ने अपना निबंध फैयाज अहमद फैजी साहब प्रस्तुत किया जिसकी लोगों ने खूब सराहना की । अहमदाबाद से आए अतिथि हाफिज वली अहमद खान ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए पुस्तक वाचन के महत्व पर प्रकाश डाला । अशफाक उमर ने पुस्तकों से दोस्ती की सलाह दी । इस अवसर पर फैयाज अहमद फैजी ने उर्दू और उर्दू के सामने आने वाली समस्याओं पर अपने विचार व्यक्त किए. । उर्दू बोलने वालों की उदासीनता पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि किताबें पढ़ने और खरीदने की आदत अब खत्म होती जा रही है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एडवोकेट नंद किशोर भोतणा ने उर्दू के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर करते हुए कहा कि उर्दू सिर्फ एक भाषा नहीं एक तहजीब का नाम है। उन्होंने आगे कहा कि गैर-उर्दू भाषी समुदाय उर्दू से प्यार करता है। यह जरूरी है कि इसकी कद्र की जाए । आप ने छात्रों को सलाह दी कि वकील का पेशा करिअर के तौर पर अपनाना चाहिए ।समारोह के अध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन ने दोनों पुस्तकों के लेखकों को मुबारकबाद पेश की और उर्दू के प्रचार-प्रसार के लिए अपनी और अपनी सोसायटी की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरान के पाठ से हुआ । रईस हाई स्कूल के उपमुख्यध्यापक मुखलिस मदू ने अतिथियों का परिचय सहित स्वागत किया । संस्था के सचिव आमिर कुरैशी ने सूत्र संचालन किया और संस्था केअध्यक्ष सरफराज मुरुमकर ने आभार प्रदर्शन किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ ।

## श्री शिव हनुमान सेवा संस्था द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का श्रोताओं ने किया अमृतपान



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** भगवान श्रीराम जी की असीम अनुकम्पा से श्री शिव हनुमान सेवा संस्था के तत्वाधान में पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत गंगोत्री होटल के पास स्थित मैदान में बने भव्य पंडाल में शनिवार 11 जनवरी 2025 से नित्य मानस मर्मज्ञ कथावाचक पूज्य श्री वेद नारायण शास्त्री जी महाराज तीर्थराज प्रयागराज के मुखारविंद से नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का श्रोतागण अमृतपान कर रहे हैं। संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस को मानस मर्मज्ञ कथावाचक पूज्य श्री वेद नारायण शास्त्री जी महाराज तीर्थराज प्रयागराज के मुखारविंद से भगवान भोलेनाथ द्वारा देवी पार्वती जी को श्रीराम कथा का अमृतपान कराने के प्रसंग का श्रोताओं ने रसपान किया। इस संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन सूर्यनाथ मिश्रा, मनीष उपाध्याय, ललित माली, मुकेश पिंपले, प्रमोद कंकरे, सोनू यादव, प्रकाश शुक्ला, राहुल सिंह, दीपक यादव, सुरेश मौर्या, दीपक मिश्रा, सचिन जायसवाल, नीरज यादव, रोहित यादव, नीरज शाहू, कैलाश वर्मा, रोहित सिंह, निमोर्ही यादव समेत अन्य सहयोगियों द्वारा किया जा रहा है। इस संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में बोईसर पालघर पत्रकार संघ अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, उपाध्यक्ष प्रमोद गजभिए व प्रवीण पाटील, महासचिव मोहन म्हात्रे, सह सचिव अजीत सिंह, धमार्नुयायियो में सुशील तिवारी, मनदेव दुबे, भावेश मोरे व गणमान्य लोगों समेत बड़ी संख्या में श्रोतागण कथा पंडाल में पहुंचकर श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का अमृतपान किया।

## ग्राम जल जीवन मिशन की जल आपूर्ति योजना के नियमित रख-रखाव हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जल जीवन मिशन पूर्ण जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन, देखभाल व मरम्मत विषय पर ग्राम पंचायत के पांच चयनित प्रतिनिधियों का दूसरे चरण (स्तर-3) का दो दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण मंगलवार 14 जनवरी 2025 को बायफ कार्यालय जव्हार में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी भानुदास पालवे की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इस प्रशिक्षण का जल सुरक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी, स्वयं सहायता समूह सदस्य, आशा कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सदस्य आदि प्रशिक्षणार्थियों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे ने बोलते हुए कहा कि सरकार की नीति के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शाश्वत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को 55 लीटर शाश्वत स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाना है। गांव के सभी को इस मिशन में हिस्सा लेते हुए अपने गांव को हर घर जल घोषित करना चाहिए।

इस मौके पर महिला बाल विकास अधिकारी प्रवीण भावसार तथा जव्हार पंचायत समिति समूह विकास अधिकारी दत्तात्रेय चित्ते पहुंचकर मार्गदर्शन किया।पालघर जिले की भौगोलिक संरचना समुद्री, शहरी व पहाड़ी है। यहां ग्रामीण इलाकों में गर्मियों में पानी की कमी होती है। सरकार के जल जीवन मिशन के तहत प्राकृतिक स्त्रोतों को संरक्षित करने और नागरिकों को पानी की आपूर्ति करने के लिए नए स्त्रोत बनाने के लिए 588 जल आपूर्ति योजनाएं शुरू की गई हैं और सभी जगहों पर योजनाएं पूरी की जाएंगी। ऐसी जानकारी जल आपूर्ति विभाग द्वारा दी गई है।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय :

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com

प्रजापति फॅब्रीकेशन ॲण्ड ग्रिलवर्क्स
93245 26742
98200 55193
93227 55403
PRAJAPATI
FABRICATION & GRILL WORKS
MANUFACTURERS OF
COMPOUND GATES, MS GRILLS, WATER TANKS,
ROLL SHUTTER, COLLAPSIBLE DOOR &
ALLUMINIUM SLIDING WINDOW
SHOP NO. 101, SAVERA CHS., LAST BUS STOP, VEERA DESAI ROAD,
ANDHERI (W), MUMBAI-400053. GST No. : 27ANKPP6297R1ZP

स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# महाकुंभ की अद्भूद छटा देख हर कोई निहाल

-सुरेश गांधी

प्रयागराज। मकर संक्रांति के अमृत स्नान के साथ प्रयागराज में महाकुंभ की जो अद्भूद छटा दिखाई दी, उसकी तस्वीरें देख हर कोई हैरान हैं। इतनी बड़ी तादाद में लोग कुंभ क्षेत्र में पहुंचे, संगम में डुबकी लगाई लेकिन कहीं भी, किसी को, किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हुई, कोई शिकायत करने वाला नहीं मिला। ये दुनिया वालों के लिए अद्भुत, अविश्वसनीय, अकल्पनीय है। कहा जा सकता है साढ़े तीन करोड़ लोग एक जगह इकट्ठे हों, बिना किसी भगदड़ या धक्कामुक्की के स्नान करें, कहीं कोई गड़बड़ी न हो, किसी तरह की असुविधा न हो और सब खुशी खुशी वापस चले जाएं, ये दुनियाभर के लिए हैरानी की बात तो है ही। इसकी व्यवस्था करना कोई आसान नहीं होता।

इतनी बड़ी संख्या को नियंत्रित करना, उनके लिए सारी व्यवस्थाएं करना बहुत बड़ी चुनौती होती है। लेकिन योगी आदित्यनाथ ने इस चुनौती को बड़ी सरलता से पूरा किया। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाकुंभ अमृत स्नान हैशटैग जबरदस्त ट्रेंड हुआ। हजारों यूजर्स ने महाकुंभ के दौरान ली गई तस्वीरें, वीडियो और सूचनाएं साझा की। सोशल मीडिया पर लोगों ने महाकुंभ में हुई व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की भारी संख्या, संगम स्नान और अपनी फोटो को खूब शेयर किया। टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया ने मंगलवार को ऐलान किया है कि वह दिल्ली और प्रयागराज के बीच दैनिक उडा़न का संचालन करेगी। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि दुनिया के 52 देशों



की आबादी साढ़े तीन करोड़ से कम है। यानि इतने देशों की जनसंख्या से ज्यादा लोगों ने प्रयागराज में बारह घंटे के दौरान पवित्र डुबकी लगाई। करीब चालीस देशों के लोग भी छोटे जत्थों में प्रयागराज पहुंचे हैं। विदेशी भक्तों ने भी महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई। ये लोग सनातनी नहीं है, हमारी भाषा नहीं समझते, हमारी संस्कृति को नहीं जानते। लेकिन महाकुंभ में आकर विदेशी भी सनातन के रंग में पूरी तरह डूबे दिखाई दिए।

साढ़े तीन करोड़ की भीड़ को मैनेज करना हंसी खेल नहीं हैं। इसके लिए सटीक प्लानिंग, मानव संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल, भक्तों की संख्या का सही अनुमान, उनकी जरूरतों के हिसाब से इंतजाम, आपात स्थितियों का सही आकलन और सबसे महत्वपूर्ण दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी है। योगी आदित्यनाथ ने अपनी संकल्पशक्ति के साथ यही किया। दो साल पहले से महाकुंभ की तैयारी शुरू की, बार बार प्रयागराज के दौरे किए, एक-एक चीज पर खुद नजर रखी, सबसे काबिल अफसरों को प्रयागराज में तैनात किया, सारी छोटी-बड़ी व्यवस्थाओं को खुद देखा, प्रॉपर प्लानिंग की, इसलिए पहला अमृत स्नान बिना किसी बाधा के सकुशल संपूर्ण हुआ। इसका श्रेय योगी आदित्यनाथ की सरकार के साथ-साथ उनके अफसर, सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी, वालंटियर्स और सफाई कर्मचारियों को भी मिलना चाहिए। हालांकि अभी उनकी जिम्मेदारी खत्म नहीं हुई है। अभी महाकुंभ डेढ़ महीने तक चलना है। इसलिए प्रार्थना करनी चाहिए कि सब कुछ अच्छा रहे और महाकुंभ में आने वाले सभी श्रद्धालु गंगा स्नान करके सनातन का जयकारा लगाते हुए सकुशल अपने घर वापस जाएं।

## हिंदू समाज कळंबोली ने अपन मांगों को लकर मनपा आयुक्त से की मुलाकात




नवीं मुंबई। हिंदू समाज कळंबोली द्वारा गत 22 दिसम्बर 2024 को आयोजित आक्रोश मोर्चा को संज्ञान में लेकर आज हिंदू समाज एवं प्रभावित सोसाइटी के सदस्यो ने पनवेल महानगर पालिका के उप आयुक्त से मिलकर बीभिन्न मुद्दो से संबंधित कळंबोली के सभी अवैध चिकन और मटन की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। लोगों की मांग को संज्ञान में लेते हुए लोगों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही महानगर पालिका अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## शांति भंग को देखते हुए 11को किया गया चालान

गौराबादशाहपुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा शांति भंग को दृष्टिगत रखते हुए 11 अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में किया गया चालान।डा0 कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत,अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष फूलचन्द पाण्डेय के नेतृत्व मे उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं012/2025 धारा 137(2) /87 बीएनएस मे ग्राम पिलखिनी मे पहुंचकर मुकदमा उपरोक्त के सम्बन्ध मे वार्ता किया जा रहा था कि प्रथम पक्ष के 1.मोनू कश्यप पुत्र रामबिलाश 2. अजय गौतम पुत्र रघुराई निवासीगण पिलखिनी थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर मुकदमा लिखाने की बात को लेकर आमदा फौजदारी होने लगे थे जिन्हे शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गिरफ्तार किया गया तथा उ0नि0 रामचन्द्र सिंह के द्वारा चांज प्रा0पत्र व पेण्डिंग विवेचनै मे ग्राम सरसौडा पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि प्रथम पक्ष के अभिषेक पुत्र विनोद, रोहन पुत्र लल्लन द्वितीय पक्ष के, सुरज पुत्र रघुराई, माइकल पुत्र मंगल प्रसाद 3. विनय पुत्र स्व0 कंचन, विनित पुत्र स्व0 कंचन निवासी गण सरसौडा थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर के बीच मोटर साइकिल स्टैण्ड करने की बात को लेकर आपस मे आमादा फौजदारी हो रहे थे शांति व्यवस्था के दृष्टिगत उभय पक्ष को गिरफ्तार किया गया तथा उ0नि0 अरविन्द यादव के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 13/2025 धारा 115(2)/ 352/351(2) बीएनएस की विवेचना मे ग्राम धमार्पुर पहुंचकर मुकदमा उपरोक्त के सम्बन्ध मे वार्ता किया जा रहा था कि प्रथम पक्ष के 1.मनोज पुत्र कोमल यादव 2. विनय यादव पुत्र भोलानाथ व द्वितीय पक्ष के 1. प्रदीप यादव पुत्र जयनाथ यादव निवासी गण धमार्पुर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर आपस मे अमादा फौजदारी हो गये जिन्हे समझाने बुझाने का प्रयास किया गया परन्तु उभय पक्ष मानने को तैयार नही हुए शांति व्यवस्था के दृष्टिगत उभय पक्ष को गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त मे उभय पक्षो का अन्तर्गत धारा 170/135/126 बीएनएसएस मे चालानी रिपोर्ट तैयार कर उपजिलाधिकारी सदर जौनपुर प्रेषित किया जा रहा है।

## ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जफराबाद क्षेत्र के चकिया हसनपुर गांव के महिलाओं व पुरुषों ने बुधवार को डीएम से मिलकर अपने बिजली के कनेक्शन को पुनः जोड़वाने की मांग किया है। उन लोगो ने अपने साथ न्याय करने की मांग किया है। ज्ञात हो ऊक्त गांव के लोगों का बिजली का बिल अधिक होने के चलते विभाग ने एक हफ्ते पूर्व बकायेदारों का केबल काट दिया था। महिलाओं का आरोप हैं कि बिजली विभाग के द्वारा मनमानी तरीके से लोगों का बिल भेज रहा हैं।जिसके चलते हम लोग बिल नही जमा कर सके।एक सप्ताह से बिजली का कनेक्शन कटने की वजह से हम सभी ग्रामीणों को दिक्कत हो रही हैं। लाइट न होने की वजह से इस ठंड में अँधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों ने डीएम से बिजली का बिल सुधरवाने तथा पुनः कनेक्शन जोड़वाने की मांग किया है। ग्रामीणों की समस्या सुनकर डीएम ने कहा कि मामले की जांच करा कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## एक को पीटकर, दूसरे को बाइक से रौदकर किया अधमरा

-रियाजुल हक

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शिवापर गांव में एक दर्जन बाइक से आये बदमाशों ने लाठी डंडे से लैस दो युवकों को बुरी तरह से पीट कर अधमरा कर दिया। जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद है। वीडियो में एक दर्जन दबंग युवकों ने एक युवक को गांव के रास्ते में लाठी डंडे से बुरी तरह घायल किया और दबंगों ने घायल युवक को खेत में फेंकदिया और फरार हो गये। दबंग युवकों ने दूसरे युवक के ऊपर बाइक चढ़ाकर गंभीर रूप से किया घायल। दोनों लोगों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने थाने में नामजद तहरीर दिया जिसमें कुंदन यादव निवासी मोरिया मार्केट विराट ठाकुर निवासी हुसैनाबाद अमर प्रताप सिंह निवासी पंजाबी मार्केट एवं ऋषि चैहान सहित अज्ञात दर्जनों युवकों पर मारपीट करने का आरोप है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा द ह्यूमन पोटेंशियल कॉन्क्लेव - इग्नाइट 2025 के आयोजन की घोषणा

मुंबई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ह्यूमन पोटेंशियल कॉन्क्लेव इग्नाइट - 2025 के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की गई है, जो पूरे भारत के बैंकों के मानव संसाधन और प्रशिक्षण प्रमुखों की एक प्रतिष्ठित सभा है. यह दो दिवसीय सम्मेलन 17 और 18 जनवरी, 2025 को बेंगलुरु में यूनियन बैंक ज्ञानार्जन केंद्र में आयोजित किया जाएगा. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, उद्योग में गर्व से अग्रणी, द्वारा प्रथम मानव संसाधन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. सम्मेलन का उद्देश्य बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लीडर्स को मानव संसाधन में नए ट्रेंड, चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाना है. इस कार्यक्रम में मुख्य भाषण, पैनल चर्चा और नेटवर्किंग सत्र शामिल होंगे, जो ज्ञान साझा करने और सहयोग के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेंगे. भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) के सचिव नागराजू मद्दिराला द्वारा इस सम्मेलन में मुख्य भाषण दिया जाएगा.।

## एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने क्रिटिकल शील्ड और एक्सीडेंट केयर राइडर्स के साथ नया सुपर कैश सुप्रीम प्लान लॉन्च किया

मुंबई। भारत में निजी क्षेत्र की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी नई पेशकश, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस सुपर कैश सुप्रीम प्लान के साथ दो बेमिसाल राइडर्स- क्रिटिकल शील्ड राइडर और एक्सीडेंट केयर राइडर पेश किए हैं। यह प्लान तुरंत नकदी सहायता के साथ-साथ लंबे समय की आर्थिक सुरक्षा का बेजोड़ संगम है, और इसी वजह से यह उन लोगों के लिए सबसे बेहतर विकल्प बन गया है, जो अपने परिवारों के लिए स्थिर आय के साथ-साथ व्यापक सुरक्षा चाहते हैं।

सुपर कैश सुप्रीम प्लान बेहद सुविधाजनक जीवन बीमा समाधान है, जिसे परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए अलग-अलग तरह के आर्थिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पॉलिसी के पहले साल में सुनिश्चित रिटर्न प्रदान करते हुए अपनी तरह के पहले गारंटीड सुप्रीम एडवांटेज का फायदा देता है। पॉलिसीधारक गारंटीड रिटर्न देने वाले विकल्पों में से अपना पसंदीदा विकल्प चुन सकते हैं, जिससे उन्हें बिना रुकावट के लगातार आय का लाभ मिलता है। सुपर कैश सुप्रीम प्लान में पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान जीवन बीमा कवरेज मिलता है, जिससे यह अपने आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने के साथ-साथ अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने का सबसे बेहतर विकल्प बन जाता है। एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस क्रिटिकल शील्ड राइडर को इस तरह डिजाइन किया गया है, जो गंभीर बीमारियों के खिलाफ आर्थिक सुरक्षा के साथ पॉलिसीधारकों की बेस लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी को बेहतर बनाता है।

## रीवा में बीजेपी विधायक के पोस्ट से मचा बवाल, बोले- हो गई गलती, क्या है पूरा मामला

रीवा, मध्य प्रदेश (उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री मोहन यादव के मीटिंग की एक फोटो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है जिसको लेकर अब भारतीय जानता पार्टी में अंदर ही अंदर आग लगी हुई है वायरल हुए पोस्ट को लेकर अब कांग्रेस नेता आग में घी डालने का काम कर रहे है। दरअसल, मनगवां से बीजेपी विधायक नरेंद्र प्रजापति ने मंगलवार अपने फेसबुक अकाउंट में एक पोस्ट शेयर की जिसके बाद बवाल मच गया इस बारे में जब मीडिया ने उनसे सवाल-जवाब किया तो उन्होनें अपनी सफाई में कहा की यह पोस्ट उनके पास आई थी और भूलवस उन्होनें उस पोस्ट को फेसबुक आईडी में शेयर कर दिया उनका कहना है की इसके पीछे उनका कोई मकसद नहीं था।सीएम



के मीटिंग की फोटो हुई वायरल

दरअसल, सोमवार की रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अल्प प्रवास पर रीवा आए थे इस दौरान उन्होंने रीवा एयरपोर्ट में ही शहड़ोल जिले में अयोजित होने जा रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव कार्यक्रम को लेकर उद्योगपतियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा की थी इस दौरान डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्रा, त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति सहित अन्य नेता और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थिति थे पूरे कार्यक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया में पोस्ट की गई थी फोटो से त्योथर विधायक सिद्दार्थ तिवारी गायब सफेद रंग पोता इन्हीं तस्वीरों में से एक तस्वीर ने मंगलवार को बवाल मचा कर रख दिया जिसको लेकर कांग्रेस भी अब हमलवार हो गई है। मंगलवार को मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति ने अपने फेसबुक अकाउंट से एक पोस्ट शेयर की जिसमे मुख्यमंत्री की मीटिंग की एक तस्वीर थी इस तस्वीर को एडिट की गई थी जिसमे त्योंथर विधायक सिद्दार्थ तिवारी की फोटो को सफेद रंग से पोतकर उन्हें गायब कर दिया गया था जबकि ओरिजनल फोटो में त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी सोफे में बैठे हुए दिखाई दे रहें है। मनगवां विधायक ने फेसबुक में पोस्ट की तस्वीर मचा बवाल मनगवां विधायक ने जैसे ही इस पोस्ट को शेयर किया।तो बवाल मच गया और इस बारे में जब मीडिया ने उनसे सवाल किया तो नरेंद्र प्रजापति अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की एक कार्यकर्ता के द्वारा एडिट की गई फोटो उन्हें दी गई थी। उन्होंने ध्यान नहीं दिया और उस फोटो को फेसबुक में पोस्ट कर दिया विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा की अब ?मैं उस फोटो को न तो एडिट कर सकता हूं और न ही हटा सकता हूं. जो चल रहा है तो चल रहा है। सिद्धार्थ तिवारी हमारे नेता हैं।मैं उनके परिवार से वर्षों से जुड़ा हूं और उन्हीं के आशीर्वाद से मैं विधायक भी बना हूं. जो भी हुआ भूलवास हुआ।इसके पीछे उनका कोई गलत उद्देश्य नहीं था।कांग्रेस हुई हमलावर बोले उनके मुख में राम दिल में नाथूराम वहीं पूरे मामले में अब कांग्रेस भी हमलावर हो गई है। कांग्रेस नेता विनोद शर्मा का कहना है कि एक फोटो वायरल हुई है। इसमें न तो मनगवां विधायक की कोई गलती और न त्योंथर विधायक की कोई गलती है इसमें तो उन्होंने अपना चरित्र प्रस्तुत किया है। यही वो लोग हैं। जो कहते हैं कि कांग्रेस में गुटबाजी है। कांग्रेसी चले गए भाजपा में अब वो वहां अपना ओरिजनल रूप दिखा रहे है। अभी तो चेहरे पर कालिख पोती गई है। आने वाले समय में एक-दूसरे से लिपट-लिपट के चेहरों पर कालिख पोतेंगे फोटो में सीएम और डिप्टी सीएम भी बैठे दिख रहे है राजेंद्र शुक्ला की ताकत ही यही है वो चाहते हैं की सब मेरे पीछे-पीछे चले। वो रिमोट दबाएं तो तो मनगवां विधायक आ जाए इन भाजपाइयों के मुख में राम तो दिल में नाथूराम रहता है।

## मुंबई में सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट का सराहनीय कदम, उपचार में आर्थिक सहयोग देकर दिखाई मानवता

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय एनजीओ सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जरूरतमंद परिवार की मदद कर समाज में सेवा भाव की मिसाल पेश की। संस्था ने 15 वर्षीय ममता प्रजापति, जो कि टीबी के इलाज के लिए संघर्ष कर रही हैं, को ?25,000 का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। ममता के पिता श्यामजी प्रजापति, जो गोरेगांव वडाला में रहते हैं, ने आर्थिक तंगी के चलते विभिन्न संस्थानों से मदद की अपील की थी! ट्रस्ट के संस्थापक अजय प्रजापति, जो कल्याण, मुंबई के निवासी हैं, ने सचिव विनोद कुमार प्रजापति के साथ मिलकर वडाला स्थित ममता के किराए के घर पर यह सहायता राशि चेक के माध्यम से सौंपी। इस दौरान



उन्होंने ममता की स्थिति का जायजा भी लिया। सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट हर महीने किसी न किसी जरूरतमंद की सहायता करता है। इस नेक पहल में कोषाध्यक्ष इंद्रजीत प्रजापति, स्थायी सदस्य पियूष प्रजापति (नोएडा), रविंद्रनाथ प्रजापति, अशोक शोगी, राजेश प्रजापति, बीएल प्रजापति, प्रशांत प्रजापति, दिनेश प्रजापति समेत सैकड़ों सदस्यों का आर्थिक योगदान शामिल है। संस्था को किसी प्रकार का सरकारी अनुदान नहीं मिलता है। इसके बावजूद सभी सदस्य अपने स्तर पर सहयोग देकर समाज सेवा को एक नई दिशा दे रहे हैं। पूरे देश से लोग अब इस ट्रस्ट से जुड़कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्थापक अजय प्रजापति का मानना है कि सेवा भाव को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी हर इंसान की है। ट्रस्ट द्वारा ममता के इलाज में की गई मदद इस बात का प्रमाण है कि समाज में सामूहिक प्रयासों से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं।

## केनडियर नोज पिन आपके लुक में चार चांद लगाएगी

मुंबई। एक नथ सिर्फ एक आभूषण नहीं है यह सुंदरता और आपके व्यक्तित्व का एक सूक्ष्म लेकिन सशक्त प्रतीक है। चाहे आप किसी विशेष अवसर के लिए अपने दैनिक रूप को निखारना चाहते हों, एक सही नोज पिन (नथ) आपके अंदाज को बड़ी सहजता से बदल सकती है। जटिल फूलों की डिजाइनों से लेकर स्लीक जियोमेट्रिक पैटर्न तक नोज पिन हर किसी के व्यक्तित्व से मेल खाने वाली शैलियों में उपलब्ध हैं। परंपरा और आधुनिकता के संगम से बने ये शानदार पीस किसी भी पहनावे में चार चांद लगा देते हैं। तो डालिए, कल्याण ज्वैलर्स के लाइफस्टाइल ज्वेलरी ब्रांड केनडियर के बेहतरीन नोज पिन और नोज रिंग पर एक नजर... जो आपकी खूबसूरती को बढ़ाने और रंग जमाने का वादा करते हैं। 18 कैरेट यलो गोल्ड में बनी मनमोहक मूनलाइट डायमंड नोज पिन के साथ अपनी स्टाइल को और बेहतर बनाएं। चांद की तरह घुमावदार आकार में बनी यह नोज पिन, अपने चमकीली हीरों की जगमगाहट से हर पहनावे में एक जादुई एहसास भर देती है। यह सुंदर आभूषण उन लोगों के लिए है जो सादा लेकिन आकर्षक गहने पसंद करते हैं, इसकी यही खासियत इसे रोजमर्रा और खास मौकों, दोनों के लिए सटीक पसंद बनाती है।

## श्री रामलीला उत्सव समिति के तत्वावधान में सुंदर काण्ड पाठ एवं खिचड़ी महोत्सव संपन्न

-आदेश मिश्र

मुंबई। श्री रामलीला उत्सव समिति के मार्गदर्शक चंद्रशेखर आर शुक्ल के नेतृत्व में अमृतनगर सर्कल, घाटकोपर वेस्ट, मुंबई में विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर एक भव्य खिचड़ी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रसिद्ध भजन गायक कमलेंद्र मिश्र मटरू और विमलेश मिश्र, नन्हें मिश्र ( ढोल वादक) की सुरीली आवाज में सुंदर काण्ड पाठ हुआ। तत्पश्चात आरती किया गया। समिति अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों लोग मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाने के लिए उपस्थित हुए। और खिचड़ी महोत्सव में सम्मिलित होकर खिचड़ी का स्वाद लिया और एक दूसरे के साथ इस खुशी के मौके का आनंद लिया। चंद्रशेखर आर शुक्ल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह



पर्व न केवल हमारे संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का अवसर है, बल्कि हमें सत्य सनातन धर्म, संस्कार और संस्कृति को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी भी है। इस महोत्सव के माध्यम से हम एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर समिति प्रमुख चंद्रशेखर आर शुक्ल, समिति अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल, सचिव दिवाकर मिश्र, समाजसेवी सुधाकर मिश्र,मुंबई कांग्रेस के सचिव राम गोविंद यादव, समाजसेवी सुधाकर मिश्र, शिंदे गुट डॉ. सुबोध बावदने, ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल, समिति कर्याध्यक्ष रामबिलास पाठक, दलजीत पांडेय, अरविंद शुक्ल, दिनेश सिंह, बृजेश शुक्ल,सर्वदेव पांडेय, मनिकेश तिवारी,राजन सिंह,देवेंद्र प्रताप सिंह, अनिल सिंह, चंद्रमणी सिंह,एड पंकज मिश्र,राजकुमार तिवारी, बाबुलनाथ तिवारी, शुभम सिंह, अवधेश तिवारी, रामतीर्थ शर्मा,राजेश सिंह, ब्रम्हदेव दुबे, ओमप्रकाश पांडेय, सचिन शुक्ल, राजेश पांडेय, एड सुमित पाल,शेषमणि मिश्र, प्रथम शुक्ल सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है यह आयोजन इस बात का प्रतीक बना कि परंपरागत खिचड़ी महोत्सव के माध्यम से न केवल सांस्कृतिक एकता को बल मिलता है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाकर मेल मिलाप के साथ एक मजबूत भाईचारा स्थापित होता है।

## महाकुंभ में लेजर वॉटर स्क्रीन शो बना आकर्षण का केंद्रं

प्रयागराज। महाकुंभ में रोजाना नए रिकॉर्ड बन रहे हैं. ये रिकॉर्ड किसी और वजह से नहीं बल्कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की वजह से बन रहे हैं. तीन दिनों में लगभग 6 करोड़ लोगों ने प्रयागराज के संगम में डुबकी लगाई है. ये आंकड़ा हर रोज बढ़ता जा रहा है. कुंभ के चौथे दिन भी जबरदस्त भीड़ उमड़ने की उम्मीद है. खास यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भव्य लेजर वॉटर स्क्रीन शो विशेष आकर्षण का केन्द्र बना है। यमुना नदी के तट पर स्थित काली घाट पर आयोजित इस शो में हर दिन बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंच रहे हैं। इसे टेमफ्लो



सिस्टम्स, गाजियाबाद द्वारा विकसित किया गया है। शो में आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ की प्राचीन गाथाओं को प्रभावशाली और सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है

जी हां, महाकुंभ में लेजर वॉटर स्क्रीन शो में पानी की स्क्रीन पर उभरती अद्भुत छवियों और ध्वनि प्रभावों ने महाकुंभ और प्रयागराज की ऐतिहासिक और धार्मिक गाथाओं को जीवंत कर दिया है। इसमें दिखाए गए दृश्य महाकुंभ के गौरवशाली अतीत और सनातन परंपराओं की झलक प्रस्तुत करते हैं। शो में प्रयागराज के धार्मिक स्थलों, पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक महत्व को इस तरह प्रदर्शित किया गया है कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। यह लेजर वॉटर स्क्रीन शो सभी के लिए निशुल्क है। श्रद्धालु और पर्यटक शाम 7 बजे से 9 बजे के बीच दो शो का आनंद ले सकते हैं, जिनकी अवधि 45 मिनट है। इस अभिनव पहल ने महाकुंभ में आने वाले लोगों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया है। प्रत्येक शाम शो के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि यह आयोजन महाकुंभ के मुख्य आकर्षणों में से एक बन गया है। उपस्थित दर्शकों ने इस शो की सराहना करते हुए इसे संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का बेहतरीन उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, पर्यटन विभाग ने इस अनोखे और तकनीकी रूप से उन्नत शो को प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। यह लेजर वॉटर स्क्रीन शो न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा बल्कि उन्हें प्रयागराज और महाकुंभ के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व से भी अवगत करा रहा है। इसका उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपरा के संरक्षण और प्रचार में योगदान देना है।

वैश्विक पर्व बन गया है महाकुंभ

देखा जाएं तो महाकुंभ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमरीका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंचने लगे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। खास बात यह है कि पाकिस्तान और अरब समेत इस्लामिक देश भी महाकुंभ में रुचि दिखा रहे हैं। इस्लामिक देशों में महाकुंभ को लेकर बहुत ज्यादा चर्चा हो रही है.


